DeKalbकाउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार का अभिवादन है,

मैं उम्मीद करती हूँ कि आपका आने वाला सप्ताह पिछले सप्ताह के समान ही लाभदायक और आनंददायक होगा।

मैं उन सभी का दिल से धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने पिछले सप्ताह क्षेत्रीय/कम्युनिटी वर्चुअल टाउन हॉल बैठकों में भाग लिया था। हमारा स्टाफ 2021-2022 स्कूल वर्ष के लिए पूरे ज़ोर-शोर से तैयारियों में लगा हुआ है, और हमारे विद्यार्थियों, परिवारों, और शिक्षकों से प्राप्त राय हमारी योजना प्रक्रिया के लिए अहम है। मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने व्यस्त रहने के बावजूद थोड़ा समय निकाल कर टाउन हॉल बैठकों में भाग लिया और अपनी बहुमूल्य राय प्रदान की।

जैसा कि आप जानते हैं,हम अपने विद्यार्थियों और हमारे शिक्षकों दोनों की जरूरतों पर विचार कर रहे हैं। अगले स्कूल वर्ष को ध्यान में रखते हुए, यह ज़रूरी है कि हम अपने विद्यार्थियों के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते रहें और सभी विद्यार्थियों के लिए 5-दिवसीय पूर्ण- कालिक,-व्यक्तिगत शिक्षा की योजना बनाएं। इसके अतिरिक्त, हम मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों को एक विकल्प के तौर पर वर्चुअल दूरस्थ शिक्षा पेश करने के लिए FLEX Academy का विस्तार करने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

आशा करते हैं कि और अधिक जानकारी उपलब्ध होने पर उसे साझा किया जाएगा।

अच्छी खबर

मुझे हमेशा ही ऐसा अवसर मनाने में बहुत खुशी होती है जब हमारे विद्यार्थी और कर्मचारी हमारे स्कूलों और समुदाय में कुछ बढ़िया चीज़ें करते हैं। ये सप्ताह भी अपवाद नहीं है।

हमारे तीन विद्यार्थियों को बधाइयाँ जिन्हें Georgia यूनाइटेड फ़ाउंडेशन की ओर से छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है! हमें आपके ऊपर बहुत गर्व है!

Chamblee Charter हाई स्कूल के सीनियर Sam Woodsen को बधाइयाँ, जिन्हें गेट्स स्कॉलर के रूप में चुना गया है! Sam उन 300 विद्यार्थियों में से एक हैं जिन्हें देश भर से 34,900 से भी ज़्यादा आवेदकों के समूह में से चुना गया! इस शानदार सम्मान के लिए बधाइयाँ!

हमारे उन 17 विद्यार्थियों को बधाइयाँ जिन्हें राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा 2021 Georgia स्कॉलर्स के रूप में मान्यता प्राप्त हुई! यह एक शानदार उपलब्धि और मान्यता है! वैश्विक महामारी के दौरान, ये विद्यार्थी निरंतर ही अकादमिक और सामाजिक रूप से अपनी पाठ्येत्तर गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। हमें बहुत गर्व है उन्हें ये सम्मान प्राप्त हुआ है!

Tucker हाई स्कूल की पाक कला शिक्षिका Allysa McCarthy को भी बधाइयाँ, जिन्हें रोटरी क्लब ऑफ टकर के 2020-2021 वर्ष का शिक्षक के तौर पर चुना गया! भविष्य के बेहतरीन शेफ़ बनाने में आपके योगदान के लिए धन्यवाद!

इस वर्ष के कर्मचारी

हमारे 2020-2021कर्मचारियों को बधाइयाँ! हर दिन, इस डिस्ट्रिक्ट के कर्मचारी अपनी प्रतिभा, समर्पण और जुनून के प्रदर्शन से सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा के अंदर और बाहर आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो। हमारे विद्यार्थियों और डिस्ट्रिक्ट के प्रति अपने योगदान के लिए धन्यवाद।

शिक्षक प्रशंसा सप्ताह

इस सप्ताह,DCSD शिक्षक प्रशंसा सप्ताह मना रहा है। मैं अपने सभी शिक्षकों को हमारे विद्यार्थियों और डिस्ट्रिक्ट के प्रति उनके योगदान के लिए धन्यवाद करना चाहती हूँ। आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और रचनात्मकता व्यर्थ नहीं जाएगी। शिक्षकों की सफलता ही डिस्ट्रिक्ट की सफलता है! आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं!

कृपया हमारे सोशल मीडिया चैनलों को फॉलो करें और हमारे शिक्षकों के लिए सराहनीय शब्द लिखें।

MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम

अगले स्कूल वर्ष की तैयारी करते हुए, मैं हमारे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना चाहूंगी की वे DCSD के MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम का लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम के जरिए स्कूल डिस्ट्रिक्ट के शिक्षा से जुडे केंद्रों यानी हमारे विद्यार्थियों, हमारे शिक्षकों का समर्थन किया जाता है और सुधार, वृद्धि, संवर्धन और सामाजिक भावनात्मक शिक्षा के जरिए विषयों को पढ़ाया जाता है।

हमारा लक्ष्य है अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों, विकलांग विद्यार्थियों, और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना। आमने-सामने, मिश्रित और वर्चुअल शिक्षा के जरिए विद्यार्थी शिक्षक द्वारा दिए अनुदेश और इच्छानुरूप विद्यार्थियों के लिए निर्देशित सबक से लाभ प्राप्त करते हुए प्रमाणित, आकर्षक, और सार्थक अनुभव की प्राप्ति करेंगे।

इस कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी पाने और पंजीकरण करने के लिए,यहां क्लिक करें।

स्नातक

क्या आप विश्वास कर सकते हो कि स्नातक पूर्ण होने वाली है? मैं हाई स्कूल के हमारे सभी सीनियर्स को स्नातक की तैयारी करने और भविष्य की योजना बनाने के लिए बधाई देती हूँ। हमें आप पर गर्व है और उम्मीद करती हूँ कि 22-28 मई का आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा! कृपया स्नातक से जुड़े समाचार और अपडेट के बारे में अधिक जानकारी देखने, और समारोह देखने के लिए हमारी ग्रेजुएशन सेंट्रल साइट पर जाएं।

मैं हमारे विद्यार्थियों को PowerSchool के बारे में भी बताना चाहती हूँ, जिसने हाल ही में Naviance का अधिग्रहण किया है। इस अधिग्रहण से और अधिक विद्यार्थियों को स्कूल के उपरांत मनपसंद और समान अवसरों की और अधिक प्राप्ति होगी। चोटी के कॉलेज, करियर, और जीवन तत्परता मंच के साथ एकीकृत विद्यार्थी सूचना और शिक्षा प्रबंधन प्रणालियों का संयोजन प्रत्येक बच्चे को उसके सफ़र में सहायता के लिए ज़रूरी सूक्ष्म जानकारी और उपकरण प्रदान कर सकता है।

अधिक जानकारी के लिए, यहां क्लिक करें।

व्यापक मास्टर प्लान

कृपया व्यापक मास्टर प्लान टाउन हॉल बैठक के लिए 4 मई को शाम 6 बजे से 7 बजे तक हमारे साथ शामिल हों। DCSD की मास्टर प्लानिंग प्रक्रिया में सभी स्कूलों और प्रशासनिक सुविधाओं के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट के शिक्षा मिशन को सहारा देने वाले बुनियादी ढांचे का आकलन किया

जाता है। इस प्रक्रिया के तहत स्कूल सुविधाओं के बारे में डेटा एकत्र किया जाता है जिसका उपयोग अगले शैक्षिक विशेष उद्देश्य स्थानीय विकल्प बिक्री कर (E-SPLOST) परियोजना सूची के लिए प्राथमिकताएँ बनाने में किया जाएगा।

इस बैठक को यहां से एक्सेस किया जा सकता है।

परिवहन विभाग का दौरा

पिछले सप्ताह, हमारे परिवहन विभाग ने मेरे लिए DCSD के डिस्पैच ऑफिस और Gregory K. Davis फ्लीट सर्विस सेंटर तक के भ्रमण का आयोजन किया। मैं हमारे परिवहन विभाग के साथ-साथ ऑपरेटरों, मैकेनिकों और परिवहन स्टाफ का धन्यवाद करना चाहती हूँ। यह टीम 1,100 से ज़्यादा बसों का संचालन करती है और सुनिश्चित करती है कि विद्यार्थी सकुशल उनके गंतव्य तक पहुंचाए जाते हों। ये लोग सबसे पहले ऑफिस पहुंचते हैं!

हमारे परिवहन स्टाफ की बदौलत ही हमारे विद्यार्थी स्कूल सुरक्षित रूप से पहुंच पाते हैं। डिस्ट्रिक्ट आपका आभारी है!

ELL सम्मेलन

मैं उन सभी का धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने हमारे A.C.E. अंग्रेज़ी विद्यार्थी नेतृत्व (ELL) वर्चुअल सम्मेलन में 24 अप्रैल को भाग लिया। इस सम्मेलन में शामिल पैनलिस्टों ने स्कूलों में पहुंच, समानता और अनुपालन पर चर्चा की। बेहतरीन अनुभव देने के लिए हमारे शानदार वक्ताओं को धन्यवाद!

ये शानदार सम्मेलन आयोजित करने के लिए हमारे अंग्रेज़ी विद्यार्थी अध्ययन विभाग को धन्यवाद।

स्कूल लाइब्रेरी माह

DCSD ने अप्रैल माह का समापन ‘स्कूल लाइब्रेरी माह” के लिए हमारे स्कूल के लाइब्रेरियनों का सम्मान करते हुए किया। स्कूल लाइब्रेरी माह के तहत हमारे स्कूल और समुदाय शिक्षा में परिवर्तन लाने में स्कूल की प्रबल लाइब्रेरियों द्वारा निभाई जाने वाली आवश्यक भूमिका का सम्मान किया जाता है।

स्कूल लाइब्रेरियन हमारे विद्यार्थियों में पढ़ने और सीखने का प्यार उत्पन्न करने के लिए अहम होते हैं, और DCSD आप सभी का आभारी है।